# एल्युमिनाई मीट में सांझा किए अनुभव

■ एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ : अग्रवाल कॉलेज की पूर्व छात्र मिलन संगठन की ओर से रविवार को पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह हुआ, मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व छात्र (सी.ए.) कैलाश चंद गुप्ता व प्रदीप बंसल रहे। संगठन अध्यक्ष कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि वे सभी संस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अपने ज्ञान, विकास, विवेक, शिक्षा, कौशल से कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। कैलाश चंद गुप्ता और प्रदीप बंसल को एल्युमिनाई अचीवर अवॉर्ड्स-2022 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्रों ने अपने अनुभव बताए। इस अवसर पर डॉ. के.एल. कौशिक, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. रामचंद्र, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. रेखा सेन आदि मौजूद रहे।